हिन्दुस्तान - 31/03/2023

68

आयुष विवि में 5 से शुरू हो सकता है कार्यालय

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय में जल्द ही कार्यालय का संचालन पांच अप्रैल से शुरू होने की सम्भावना जताई जा रही है।

आयुष परिसर में अस्थाई तौर पर बिजली आपूर्ति के लिए खम्भे लगाए जा रहे हैं। जल्द ही बिजली की आपूर्ति करा दी जाएगी। हालांकि आयुष प्रशासन द्वारा 125 केवीए एवं 67 केवीए के एक-एक जनरेटर मंगाए जा चुके हैं। वहीं इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए टॉवर लगाने की तैयारी भी अंतिम चरण में है। आयुष विवि के कुलसचिव आरवी सिंह ने बताया कि विद्युत आपूर्ति के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा आस्थाई तौर पर सप्लाई के लिए खम्भे लगाकर अलग ट्रांसफार्मर लगाकर चार अप्रैल तक सप्लाई चालू करा दी जाएगी।

आयुष विवि में 333 रोगियों का हुआ इलाज

भटहट। महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विवि में संचालित ओपीडी में शुक्रवार को 333 रोगियों का इलाज किया गया। इलाज कराने पहुंचने वाले रोगियों को अस्पताल से ही निःशुल्क दवाएं दी जा रही है।

आयुष विवि में इलाज के लिए आने वाले रोगियों का पहले पंजीकरण किया जाता है। पंजीकरण काउंटर पर नीलेश स्वामी द्वारा पर्ची तैयार कर रोगियों को चिकित्सकों के पास भेजा जाता है। इसके बाद इलाज किया जाता है।